अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय,रीवा (म0प्र0)

क्र./डी.सी.डी.सी./2022/ 34

दिनांक- 24-11-22

कार्यवृत्त

आज दिनांक 15.09.2022 को पूर्वान्ह 11.00 बजे पं0 शम्भूनाथ शुक्ल सभागार में प्राचार्य समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, की बैठक आयोजित की हुई जिसमें उपस्थित जिलावार पृथक पंजी में अंकित है। आयोजित बैठक में कार्यसूची अनुसार निम्नांकित निर्णय लिये गये-

1- सत्र 2022-23 में शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयो में संचालित समस्त कक्षाओं/पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्रों की पाठ्यक्रमवार छात्र सूची।

निष्कर्ष-

उपस्थित महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य/प्रतिनिधि आचार्यो द्वारा विकास विभाग के पास प्रवेशित छात्रों की सूची जमा करायी गयी शेष महाविद्यालयों को स्मरण पत्र भेजा जाय।

(कार्यवाही-विकास विभाग)

2- सत्र 2021-22 से महाविद्यालय में संचालित स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों की सूची।

निष्कर्ष-

स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में यह तथ्य नवीन रूप से प्रकाश में आया कि महाविद्यालयों में से स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों का संचालनालय केवल अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों तथा शासकीय महाविद्यालयों में संचालित होते है गैर-अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों में नही। अतः विकास विभाग से उक्त पाठ्यक्रमों की सूची प्राप्त की जाकर स्ववित्तीय संचालनालय द्वारा विनियम 28 के अन्तर्गत कार्यवाही प्रस्तावित की जाय।

(कार्यवाही-विकास विभाग/स्ववित्तीय पाठ्यक्रम संचालनालय)

3- अशासकीय महाविद्यालयों में कालेज कोड 28 के तहत प्राचार्य/शिक्षको की नियुक्तियों की अद्यतन सूची।

निष्कर्ष-

प्राप्त सूची के अतिरिक्त शेष महाविद्यालयों से सूची प्राप्त करने का निर्णय लिया गया।

(कार्यवाही-विकास विभाग)

4- NEP-2020 के अन्तर्गत छात्रों द्वारा ऐच्छिक प्रश्नपत्रों के चयन सम्बन्धी विकल्पों का कक्षावार विवरण।

निष्कर्ष-

प्राचार्यो को इस विषय में नामांकन एवं परीक्षा फार्म के भरते समय इनके सत्यापन हेतु सावधानी पूर्वक कार्यवाही एवं तत्पश्चात विश्वविद्यालय को सूचित किये जाने के दायित्व से अवगत कराया गया।

5- म०प्र० शासन उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक 662A/653/2022/38-3 भोपाल दिनांक 24/05/2022 के परिपालन में विद्यापरिषद की बैठक दिनांक 30.05.2022 के आयटम क्रमांक 8 के बिन्दु क्रमांक (1) की सूचना ग्रहण करना।

निष्कर्ष-

म०प्र० शासन के सन्दर्भित पत्र क्रमांक 662A/653/2022/38-3 भोपाल दिनांक 24/05/2022 के निम्नांकित दो बिन्दुओं पर ध्यान आकृष्ट कराया गया तथा विकास विभाग को निरीक्षण प्रपत्र के आधार पर गूगल फार्म में सभी अशासकीय महाविद्यालयों वांछित जानकारी मँगाये जाने का निर्णय लिया गया।

(कार्यवाही–विकास विभाग)

6- माननीय कुलपति जी की अनुमति से सभा में प्राचार्यो को अपने महाविद्यालयों की विशेष एवं सामूहिक हितों से जुड़ी सामान्य समस्याओं को रखने का अवसर दिया गया तथा इनके यथासंभव समाधान किये जाने का आश्वासन विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दिया गया। इनमें से कुछ प्रश्न व उनके समाधान निम्नानुसार हैः-

1. परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद परीक्षा फार्म भराये जाने हेतु प्रावधानिक पर्याप्त समय परीक्षार्थियों को प्रदाय किया जावे।

(कार्यवाही–परीक्षा व गोपनीय विभाग)

2. सम्बद्धता शुल्क आवेदन फार्म एवं शुल्क जमा की व्यवस्था एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से व्यवस्था की जावेगी।

(कार्यवाही–विकास विभाग)

3. महाविद्यालयों की सम्बद्धता हेतु पात्रता की शर्तें व अन्य विवरण विश्वविद्यालय बेवसाइट पर प्रदर्शित किया जावेगा एवं महाविद्यालयों से पत्राचार ई-मेल के माध्यम से सम्पर्क किये जावेंगे। महाविद्यालय अद्यतन मोबाइल नम्बर या ई-मेल विश्वविद्यालय को उपलब्ध करायें।

(कार्यवाही–विकास विभाग)

4. निर्धारित अधिसूचना के अनुसार परीक्षा आवेदन फार्म/अन्य ऑनलाइन फार्म एम०पी० ऑनलाइन द्वारा खोले जावे यह सुनिश्चित किया जावेगा।

(कार्यवाही–एम.पी. ऑनलाइन/परीक्षा/(विभाग)/गोपनीय (विभाग)

5. बाह्य परिक्षकों की नियुक्ति पत्र में उनका मोबाइल न0 अंकित किया जावेगा।

(कार्यवाही–गोपनीय विभाग)

6. एक ही परीक्षा केन्द्र में अधिक संख्या में महाविद्यालय छात्र संख्या होने से परीक्षा केन्द्र को बैठक व्यवस्था में परेशानी होने के बात बताई गई, आगामी सत्र में परीक्षा केन्द्र निर्धारण के पूर्व केन्द्रों से चर्चा कर अभिमत लिया जावेगा।

7. महाविद्यालय प्राचार्यो द्वारा छात्रों के आवेदनों पर महाविद्यालय स्तर पर कार्यवाही सम्पादित की जावे एवं आवश्यक होने पर ही महाविद्यालय के कवरिंग लेटर सहित विश्वविद्यालय को समस्या प्रेषित की जावे।

21/11/22

कुलसचिव

अ०प्र०सिंह विश्वविद्यालय,रीवा

प्रतिलिपिः- सूचनार्थ-

1. प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय,रीवा,सतना,सीधी,सिंगरौली,शहडोल,उमरिया एंव अनूपपुर
2. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा रीवा सम्भाग रीवा।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, अ0प्र0सिंह विश्वविद्यालय,रीवा
4. मा. कुलपति जी के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, अ.प्र. सिं विश्वविद्यालय,रीवा।

अधिष्ठाता

महाविद्यालय विकास परि